तापमान
अधिकतम 31.9°c
न्यूनतम 26.8°c

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

## त्योहार पर डायवर्ट रहेगा रूट

आंबेडकर चौक से भिवानी चुंगी/पुराना बस अड्डा और रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन एलिवेटेड रोड का प्रयोग करेंगे। माता दरवाजा जाने वाले वाहन गोहाना अड्डा होकर जाएंगे। हिसार बाइपास से आने वाले वाहन भी एलिवेटेड रोड का प्रयोग करेंगे। कच्चा बेरी रोड की तरफ जाने वाले वाहन आंबेडकर चौक से एलिवेटेड रोड होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही प्रयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# कान्हा के जन्मोत्सव पर सजा शहर, गूंजेगा रॉक नाम कीर्तन

### इस्कॉन के महामहोत्सव में अभिषेक, 56 भोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे विशेष आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) रोहतक के भक्तों की ओर से इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव धूमधाम व अभूतपूर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, कृष्ण भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को शहर के शहीद मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आईटीआई ग्राउंड के प्रांगण में यह विशाल और भव्य कार्यक्रम होगा। इस विशेष उत्सव के दौरान भगवान श्री कृष्ण का बेहद आकर्षक और फूलों से सजा भव्य झूला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही, विद्वान भक्तों द्वारा भगवान का अत्यंत सुंदर और दिव्य अभिषेक संपन्न होगा।

#### अलौकिक होगा भगवान का श्रृंगार

उत्सव को और अधिक मनमोहक बनाने के लिए नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बाल कलाकारों के ये रंगारंग कार्यक्रम सभीदर्शकों का मन मोह लेंगे। इस अवसर पर आराध्य देव को प्रसन्न करने के लिए 56 भोग अर्पित किया जाएगा। भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और रात्रि के समय भव्य महाआरती उतारी जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एकसाथ मिलकर प्रभु की स्तुति करेंगे।

#### विशेष प्रसाद की व्यवस्था

युवाओं और श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर देने वाला मंत्रमुग्ध कर देने वाला 'रॉक नाम कीर्तन' इस महोत्सव की एक अन्य खास विशेषता होगी। रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव के उपरांत आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए विशेष एकादशी का भंडारा-प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वागत के लिए परिसर में फ्रूट चाट और ठंडाई की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

#### इन मंदिरों में होगा कार्यक्रम

शहर के दुर्गा भवन मंदिर, गौकर्ण धाम, बाबा बालकपुरी धाम, प्राचिन शिव मंदिर, बजरंग भवन मंदिर,संकट मोचन मंदिर, बाबा मस्तनाथ मठ, सती माता मंदिर साईं दास कालोनी, माता मंदिर पाड़ा मोहल्ला , हनुमान जी का मंदिर गुरुनानक पूरा , महावीर मंदिर गुरुनानक पूरा , शीतला माता मंदिर तेज कालोनी, बांके बिहारी मंदिर महावीर कालोनी , रामा कृष्णा मंदिर पाड़ा मोहल्ला , किल्ला रोड़ चौकी के सामने देसराज मंदिर हनुमान मंदिर , शिव मंदिर शिवाजी कॉलोनी,सुभाष रोड़ के सामने गली में मंदिर, हनुमान मंदिर शिव धर्मशाला के सामने , सुभाष रोड़ के सामने मंदिर सैनी पूरा समेत शहर के अन्य मंदिरों कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## जन्माष्टमी पर शहर के मंदिरों व बाजारों में रहेगा कड़ा पहरा

# आज शाम 5 बजे से शहर के प्रमुख मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक प्रतिबंध, 10 जगह नाके

### भिवानी स्टैंड से अशोका फोटो स्टेट तक केवल पैदल आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जन्माष्टमी के त्योहार पर शहर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिरों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। क्यूआरटी टीमों को आधुनिक हथियारों से लैस कर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा गया है। वहीं, शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए शुक्रवार शाम 5 बजे से जन्माष्टमी आयोजन समाप्त होने तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्ट रहेगा।

#### एसपी ने दिए विशेष निर्देश

एसपी गौरव राजपुरोहित ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से उन मंदिरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जहां कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन होगा। मंदिर परिसरों में सिविल वर्दी में पुलिसकर्मियों के साथ महिला पुलिस कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। क्यूआरटी टीमों का जिला कंट्रोल रूम और उच्च अधिकारियों से सीधा संपर्क रहेगा। इसके अलावा मोटरसाइकिल राइडर और पीसीआर लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए मुख्य और व्यस्त यातायात बिंदुओं पर देर रात तक ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहेगी।

#### इन रास्तों से बचें, यहां रहेगा ट्रैफिक फ्री रोड

पुलिस ने आमजन से शुक्रवार शाम 5 बजे से जन्माष्टमी आयोजन समाप्त होने तक झज्जर रोड मोड़ से भिवानी स्टैंड, दुर्गा भवन मंदिर और कच्चा बेरी रोड की तरफ जाने वाले मार्ग का प्रयोग करने से बचने की अपील की है। भिवानी स्टैंड से अशोका फोटो स्टेट तक ट्रैफिक फ्री रोड रहेगा और इस मार्ग पर केवल पैदल श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति होगी। यहां फड़ी लगाने या वाहन खड़ा करने पर भी रोक रहेगी।

#### यहां होगी पार्किंग

दुर्गा भवन मंदिर आने वाले श्रद्धालु पुराने रावमा विद्यालय के खाली मैदान, अंबेडकर चौक से एलिवेटेड रोड के रास्ते महाराजा अग्रसेन पार्किंग तथा पुरानी अनाज मंडी (माल गोदाम रोड) में वाहन पार्क कर सकेंगे।

#### यहां रहेगी नाकेबंदी

झज्जर रोड टी-प्वाइंट, भिवानी स्टैंड, अग्रसेन चौक रेलवे रोड, पुरानी अनाज मंडी गेट, अशोका फोटो स्टेट के सामने, पुराने गवर्नमेंट स्कूल मैदान, कच्चा बेरी रोड पुरानी सब्जी मंडी चौक, प्रताप चौक, किला रोड लाल मस्जिद के पास व माल गोदाम रोड ट्रांसपोर्ट मंडी गेट सहित 10 स्थानों पर नाकेबंदी की जाएगी।

## छात्राओं को कॉलेज के नियमों से कराया परिचित

**लाखन माजरा।** राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में 3 सितंबर को नवप्रवेशी छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या इन्दु सपरा के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य प्रथम वर्ष की छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, संसाधनों, सुविधाओं, नियमों और विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या इन्दु सपरा के संबोधन से हुई। उन्होंने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती रहती है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वीडियो प्रस्तुति से छात्राओं को पिछले सत्र में आयोजित गतिविधियों और महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विषय चयन, समय-सारणी, क्रेडिट प्रणाली और परीक्षा प्रणाली की भी जानकारी दी गई। विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया। मंच संचालन डॉ. अलका ने किया। कार्यक्रम के बाद नवप्रवेशी छात्राओं ने वरिष्ठ छात्राओं से संवाद किया।

### मदवि में पीजी छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ-2026' का गरिमामय आयोजन

# सफलता का मूल खुश रहना है, जीवन का रिमोट दूसरे के हाथ में ना दें: सुरेश

### कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने युवाओं से नवाचार व स्टार्टअप के जरिए 'रोजगार सृजक' बनने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) के. जी. सुरेश व कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रतिष्ठित टैगोर ऑडिटोरियम में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) छात्रों के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ-2026' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) केजी सुरेश ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, यह जीवन आपका है, इसलिए इसका 'रिमोट कंट्रोल' कभी किसी दूसरे के हाथ में न सौंपें। उन्होंने कहा कि जीवन का मूल खुश रहना है और उस सफलता का कोई अर्थ नहीं जिससे इंसान को सच्ची आत्मिक खुशी न मिले।

अपने प्रभावी सम्बोधन में युवाओं को भौतिकवाद की अंधी दौड़ से दूर रहकर खुद से मुकाबला करने और अपनी एक अलग पहचान बनाने की सीख देते हुए उन्होंने समय को बेहतरीन वित्तीय उपमाओं से समझाया। प्रो. सुरेश ने कहा कि बीता हुआ कल दरअसल 'कैंसल हो चुका चेक' है और आने वाला कल महज़ एक 'प्रॉमिसरी नोट' है, जबकि हाथ में मौजूद वर्तमान समय ही एकमात्र 'नगद कैश' है, जिसका तुरंत और सही दिशा में सदुपयोग होना चाहिए।

#### कुलपति पूनिया ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्रों को हर परिस्थिति में निरंतर आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने देश की प्रगति के लिए अनुसंधान (रिसर्च), नवाचार (इनोवेशन) और विज्ञान को अनिवार्य बताते हुए छात्रों से लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ने की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने, सवाल पूछने और हमेशा सकारात्मक सोच रखने की सीख दी।

#### संचार कौशल और जीवन कौशल विकसित करना अनिवार्य : डॉ. मुखर्जी

आर.वी. यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु की डायरेक्टर (कैंपस प्लेसमेंट) एवं एमडीयू की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा डॉ. किट्टी मुखर्जी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का हिस्सा बनने पर गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि पेशेवर दुनिया में सफलता के लिए बेहतर संचार कौशल और जीवन कौशल विकसित करना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने ज्ञानवर्धन के लिए विद्यार्थियों से लाइब्रेरी का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने छात्रों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली और मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया।

## न्यूज डायरी

### नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता में प्रथम रहा

रोहतक। शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (गोहाना रोड, रोहतक) के खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की बास्केटबॉल टीमों ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही बास्केटबॉल की इन टीमों ने कर्नाटक में होने वाली 'विद्या भारती अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता' के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल लड़कों की अंडर-14,17 और 19 टीमों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि लड़कियों की अंडर-17 टीम ने रजत पदक हासिल किया। स्केटिंग गर्ल्स (अंडर-14) वर्ग में हंशिका ने 'रिंग 4' और 'रोड रेस 2' स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अलावा सॉफ्टबॉल गर्ल्स (अंडर-14), बेसबॉल बॉयज (अंडर-17) और बेसबॉल गर्ल्स (अंडर-19) की टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीते।विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार और प्रबंध समिति के अध्यक्ष करन विग, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता, बीना कौशिक व डॉ. दिनेश मदान ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण सफलता पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जीडी गोयनका स्कूल में गूंजे जयकारे

**रोहतक।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने दही-हांडी, कृष्ण-राधा नृत्य, भजन और कृष्ण भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। नन्हे विद्यार्थियों ने कृष्ण-राधा की वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना व सान्या मायना, सह निदेशक डॉ. अमन अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. श्रुति शर्मा और हेडमिस्ट्रेस अनामिका बलहारा ने विद्यार्थियों व स्टाफ को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा।

### बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**सांपला।** पढ़ाई के साथ हुनर और आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाने के उद्देश्य से सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला में गुरुवार को प्लेसमेंट सेल की ओर से उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी सीमा रंगा ने किया। इस दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्यमिता पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने के लिए पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, न्यूजपेपर गतिविधि और फैशन डिजाइनिंग सहित कई गतिविधियां करवाई गईं। डॉ. प्रीतम और प्राचार्य डॉ. संतोष हुड्डा ने छात्राओं को विस्तार से व्याख्यान देते हुए नए विचारों और कौशल को भविष्य के अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित किया। वहीं, एंटी-ड्रग्स सेल की ओर से छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी डॉ. रश्मि के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता और एंटी-ड्रग्स प्रदर्शनी लगाई गई। गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, जिम्मेदार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# कांग्रेस के तीन विधायक, फिर भी रोहतक की जनता पानी को तरसे, 40 करोड़ का हिसाब दें विधायक : मनीष कुमार ग्रोवर

### भारत भूषण बतरा, खटक और हुड्डा पर ग्रोवर का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने पानी के मुद्दे पर कांग्रेस के स्थानीय विधायकों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने रोहतक विधानसभा के विधायक भारत भूषण बतरा, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक और गढ़ी-सांपला-किलोई के विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा से सवाल किया कि कांग्रेस के विधायक लंबे समय से जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सरकार ने इन तीनों विधायकों को करीब 40 करोड रुपए की राशि दी , लेकिन पानी की समस्या दूर नहीं कर सकें।

लोगों को बताएं कि यह 40 करोड की राशि पानी पर क्यों नहीं खर्च की। विधायक बतरा ताश खेलने वाले लोगों के लिए 21 लाख दे सकते हैं लेकिन लोगों के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध करवाने पर खर्च नहीं कर सकते। दिल्ली रोड क्षेत्र में दो नए जलघर बनाने की मांग को लेकर उनके द्वारा पहले ही पत्र लिखे जा चुके हैं, ताकि क्षेत्र की बढ़ती आबादी के अनुसार पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके। 2014 से पहले 10 वर्षों तक हरियाणा में कांग्रेस की सरकार रही और जिले की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के विधायक रहे और वर्तमान में भी चारों सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं।

#### कितना पैसा खर्च किया बताए

कांग्रेस के विधायक जनता को बताएं कि इस राशि में से पानी, बूस्टर, पाइपलाइन, सीवर और जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं पर कितना पैसा खर्च किया गया। ग्रोवर ने कहा कि नगर निगम सिर्फ एक विधायक का क्षेत्र नहीं है। निगम का क्षेत्र रोहतक विधानसभा के साथ-साथ गढ़ी-सांपला-किलोई और कलानौर विधानसभा क्षेत्रों के हिस्सों को भी कवर करता है। इसलिए पानी और सीवर जैसी शहर की बेहद जरूरी समस्याओं को लेकर तीनों विधायकों की सामूहिक जिम्मेदारी भी बनती है। इस मौके पर मार्केट कमेटी रोहतक के अध्यक्ष अशोक चौधरी, समाजसेवी पवन आहूजा, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, व्यापारी नेता गुलशन निझावन मौजूद रहे।

# 'नौकरी मांगने के बजाय स्वरोजगार अपनाकर नौकरी देने वाला बनें'

### राजकीय महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान से स्वरोजगार और करियर अवसरों पर विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के उद्यमिता विकास क्लब और गृह विज्ञान विभाग की ओर से करियर के अवसर ऑफ होम साइंस विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष रितु हुड्डा ने की, जबकि भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय खानपुर कलां की प्रोफेसर संतोष हुड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्य अतिथि डॉ. संतोष हुड्डा ने छात्राओं को गृह विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में प्लेसमेंट और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को नौकरी मांगने के बजाय स्वरोजगार अपनाकर नौकरी देने वाला (उद्यमी) बनने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने राष्ट्र निर्माण में उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को नए स्टार्टअप शुरू करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ईडी क्लब इंचार्ज डॉ. सोनिया, डॉ. संकेत, डॉ. प्रिंसी, डॉ. पंकज शर्मा, मोनिका नारंग सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### आर्य सीसे स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर एक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो गया और हर ओर उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ विद्यालय निदेशिका लतेश दांगी ने कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा, कृष्ण, गोपियों और ग्वालों की मनमोहक वेशभूषा में सजकर आए थे। जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी और गोवर्धन पूजा पर आधारित सुंदर नाटिकाएं प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित छोटे बच्चों की माताओं ने कृष्ण भजन संकीर्तन पर मंत्र मुग्ध हो कर नृत्य किया और कार्यक्रम का भरपूर आनद लिया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोकदाँगी ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों को सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

# छात्र साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करें

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय वित्तीय ाक्षरता सेमिनार संपन्न**

रोहतक। वर्तमान में हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता मंत्रालय द्वारा सैनिक परिवार भवन, रोहतक स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में 1 से 3 सितंबर तक तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिन्धु ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को वित्तीय रूप से जागरूक करना था। कार्यक्रम के पहले दिन 01 सितंबर को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से मार्केटिंग अधिकारी शगुन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुईं। सेमिनार के दूसरे दिन रोहतक पुलिस के साइबर सेल से सहायक उप-निरीक्षक दयानंद जांगड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को "साइबर सुरक्षा तथा वित्तीय धोखाधड़ी" के बारे में जागरूक किया। राजकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। श्रृंखला के अंतिम दिन 03 सितंबर को पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से निदेशक मंजीत सिंह तथा वरिष्ठ प्रशिक्षिका पिंकी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने भारत एवं हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं के स्वरोजगार हेतु संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं तथा बचत व निवेश के तौर-तरीकों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य राजपाल सिन्धु ने सभी अतिथिगणों को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं, स्टाफ तथा सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे सभी परिजनों तथा आसपास रहने वाले नागरिकों को भी वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

### आज जन्माष्टमी, सांपला के बाजारों में रौनक बढ़ी

**सांपला।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सांपला के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के श्रृंगार के लिए रंग-बिरंगे परिधान, आकर्षक ज्वेलरी, झूले और सजावटी सामान बाजार में सज चुके हैं। लोग भगवान के लिए नए वस्त्र और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। गुरुवार को शहर के मंदिरों में भी जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां तेज रहीं। राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। बाजार में पारंपरिक सामान के साथ कई नए व आकर्षक रेडीमेड आइटम भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार भगवान के वस्त्र मुख्य रूप से जयपुर रोड और दिल्ली से मंगवाए जाते हैं। बाजार में कपड़ों, ज्वेलरी और झूलों की अलग-अलग वैरायटी उपलब्ध है।

## अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में भिवानी को हराया

# 6 विकेट से जीता रोहतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौ. बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड सी, लाहली) में खेले गए अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 में रोहतक की टीम ने भिवानी को 6 विकेट से शिकस्त दी। भिवानी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 47.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन बनाए। भिवानी की ओर से युवराज शर्मा ने 56 रन (93 गेंद) व आदित्य जांगड़ा ने नाबाद 44 रन (77 गेंद) की पारी खेली। रोहतक के लिए रुदार 7 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि आदर्श मलिक ने 8.4 ओवर में 22 रन देकर 3 खिलाड़ियों को आउट किया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक की टीम ने शानदार शुरुआत की और मात्र 23.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। रोहतक की तरफ से योवेश कश्यप ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 38 रन बनाए, रणविजय अहलावत ने 34 गेंदों में 32 रन और योगेश धनखड़ ने 30 गेंदों में नाबाद 29 रनों का योगदान दिया। चैतन्य दहिया ने भी 11 गेंदों में 17 रनों की तेज पारी खेली। भिवानी की ओर से गेंदबाजी में मयंक जय भगवान ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अरुण सैनी को 1 सफलता मिली।

### एचसीए सी और पलवल ने जीते अपने-अपने मैच

लाहली के ग्राउंड ए पर खेले गए मुकाबले में एचसीए सी ने सिरसा को 35 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीए सी 124 रनों पर सिमट गई, जिसमें दीपांशु यादव और साहिल परमार ने 28-28 रन बनाए। जवाब में सिरसा की टीम सिद्धान्त भारद्वाज (4/11) की घातक गेंदबाजी के आगे 89 रनों पर ढेर हो गई। रेहान ने भी 3 विकेट झटके। हनुमान क्रिकेट अकादमी, रोहतक में हुए दूसरे मुकाबले में पलवल ने नूंह को 2 विकेट से मात दी। नूंह ने अनीश सहून के 58 रनों की मदद से 168 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पलवल ने दिवी भारद्वाज (64 रन) और आदि भयाना (37 रन) की पारियों की बदौलत 45.4 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।

# जिला बार प्रधान पद पर दीपक भारद्वाज तो महासचिव के लिए करण सिंह नारंग ने दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन रोहतक के चुनावी रण में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अधिवक्ताओं के बीच चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 13 नामांकन दाखिल किए गए, जबकि 41 अधिवक्ताओं ने नामांकन फॉर्म लिए। नामांकन को लेकर बार परिसर में दिनभर चुनावी हलचल बनी रही और अधिवक्ता अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में सक्रिय नजर आए। असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सुरेंद्र कुमार लौरा ने बताया कि पहले दिन प्रधान पद के लिए दीपक भारद्वाज ने नामांकन दाखिल किया। वहीं उपप्रधान पद के लिए नरेंद्र कुमार रोहिल्ला ने अपना नामांकन पत्र जमा करवाया।

### 5 सितंबर को अंतिम मौका, बढ़ेगी चुनावी हलचल

महासचिव पद के लिए करण सिंह नारंग ने नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में कदम रखा। संयुक्त सचिव पद के लिए पहले दिन कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ, हालांकि साक्षी लांबा और प्रियंका ने इस पद के लिए नामांकन फॉर्म खरीदे हैं। ऐसे में अंतिम दिन इस पद को लेकर तस्वीर साफ होने की संभावना है। महिला उपप्रधान पद के लिए कविता शर्मा और रंजना रापड़िया ने नामांकन दाखिल किया। वहीं लाइब्रेरी इंचार्ज पद के लिए अशोक सिवाच, अजय कुमार और गौरव गुप्ता ने चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा कार्यकारी सदस्य पद के लिए भी पांच नामांकन दाखिल किए गए। असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि 5 सितंबर नामांकन दाखिल करने का दूसरा और अंतिम दिन होगा। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी। माना जा रहा है कि अंतिम दिन कई और उम्मीदवार मैदान में उतर सकते हैं, जिससे चुनावी मुकाबले की तस्वीर और रोचक हो सकती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश पूनिया ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से करवाई जाएगी। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि बोगस मतदान करने या करवाने का प्रयास करने वाले किसी भी अधिवक्ता अथवा उसके सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महम में पहले दिन सचिव पद के लिए एक नामांकन

महम। बार एसोसिएशन महम का चुनाव 11 सितंबर को होगा। रिटर्निंग ऑफिसर रोहतास राठी ने बुधवार 2 सितंबर को चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। 3 सितंबर और 5 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल करने का दिन निर्धारित किया गया है। 3 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल करने का पहला दिन था। पहले दिन केवल एक उम्मीदवार ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया। एडवोकेट अतुल ने सचिव पद के लिए नामांकन किया है। इस दौरान उनके साथ पूर्व सचिव एडवोकेट सुमित सिवाच, एडवोकेट दल सिंह सिवाच, सुनील घोघलिया, मंजीत फोगाट, राहुल ग्रेवाल, विकास सिवाच व दीक्षांत समेत कई वकील मौजूद रहे। रोहतास राठी ने बताया कि प्रधान, उपप्रधान, सचिव और सहसचिव पद के लिए बार एसोसिएशन महम का चुनाव करवाया जाएगा। 5 सितंबर को नामांकन पत्र जमा करवाने का अंतिम दिन है। नामांकन पत्र जमा करवाने का समय सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक की जाएगी। इसी दिन दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम 3 बजे तक फार्म वापसी की प्रक्रिया चलेगी। यदि किसी को अपना नामांकन पत्र वापस लेना होगा, तो वह अपना फार्म वापस ले सकेगा। 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम को 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## श्रीकृष्ण कलानौर सब यूनिट की नई कार्यकारिणी के प्रधान बने

रोहतक। एसडीओ सब डिवीजन कलानौर के प्रांगण में हरियाणा पावर कॉरपोरेशन अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी यूनियन, रजिस्ट्रेशन नंबर 417 की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सब अर्बन यूनिट प्रधान विजय रंगा ने की। इस दौरान एसडीओ सब यूनिट कलानौर की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में वरिष्ठ नेता रामकुमार रंगा, राज्य उपप्रधान सुनील पवार और सर्कल सचिव सुनील दहिया ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर सब अर्बन यूनिट प्रधान विजय रंगा, सिटी यूनिट प्रधान सोनू खटक, सिटी यूनिट संगठनकर्ता विकास जेई, सिटी यूनिट कैशियर सज्जन कुमार, उपप्रधान अजय भोरिया तथा इंडस्ट्री एरिया सब यूनिट प्रधान परवीन रंगा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। रामकुमार रंगा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं संगठन के प्रति जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। वहीं, नई कार्यकारिणी में प्रधान श्रीकृष्ण जेई, सचिव सुरेश कुमार, उपप्रधान प्रवीण कुमार व सत्यवान जेई, कैशियर राकेश फौजी, ऑर्गेनाइजर वेदपाल, ऑडिटर अमित कुमार, सह-कैशियर दीपक हंसू और सलाहकार विनोद को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## समाधान शिविरों में सुनीं लोगों की समस्याएं

रोहतक। गुरुवार को जिला मुख्यालय और उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित समाधान शिविरों में लोगों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी गईं। संबंधित अधिकारियों ने समस्याओं के निपटारे की प्रक्रिया मौके पर शुरू कराई और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित शिविर में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश शुभम, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निपटारे के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## नर्सिंग एसो. की पूर्व प्रधान ने फिजियोथैरेपी सेंटर में देखी सुविधाएं

रोहतक। नर्सिंग एसो. की पूर्व प्रधान संतोष अहलावत का स्वागत करते सेंटर के संचालक तस्वीर हुड्डा।

रोहतक। सांघी गांव में संचालित बिमल प्रसाद एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर का 3 सितंबर को रोहतक नर्सिंग एसोसिएशन की पूर्व प्रधान संतोष अहलावत ने दौरा किया। सेंटर के संचालक तस्वीर हुड्डा ने उनका स्वागत किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। संतोष अहलावत ने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी हो गई हैं। ऐसे में समाजसेवी राजेश जैन और तस्वीर हुड्डा की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में फिजियोथैरेपी सेंटर संचालित करना सराहनीय पहल है। इससे गांव और आसपास के लोगों को कम खर्च में आधुनिक उपचार की सुविधा मिल रही है। सेंटर में मौजूद डॉक्टर हरिओम ने बताया कि यहां आधुनिक मशीनों और सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेंटर को शुरू हुए दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है और रोजाना गांव व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

## साइकोलॉजी के छात्रों को प्रदेश में ही मिलेगी क्लीनिकल ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने एकेडमिक सहयोग और विस्तार की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल की विशेष पहल और मार्गदर्शन में बुधवार को यूएचएसआर और गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के बीच अकादमिक, क्लीनिकल ट्रेनिंग और रिसर्च सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में आयोजित गरिमामय एमओयू साइनिंग सेरेमनी में दोनों विश्वविद्यालयों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कौशिक ने बताया कि इस एमओयू से हरियाणा के सैकड़ों साइकोलॉजी छात्रों को अब क्लीनिकल ट्रेनिंग के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने ही प्रदेश के सबसे बड़े मेडिकल विश्वविद्यालय में सीखने का अवसर मिलेगा। पीजीआई कुलपति डॉ एच के अग्रवाल के दिशा निर्देशन में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह एमओयू साइन करके डॉ अग्रवाल ने बता दिया कि यह विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय की डीन प्रो. गायत्री रैना ने इस एमओयू पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक समझौते से हमारे विश्वविद्यालय के साइकोलॉजी के छात्रों को पीजीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में वास्तविक मरीजों पर काम करने का सुनहरा अवसर मिलेगा, जिससे उनका क्लीनिकल अनुभव और रोजगार की संभावनाएं दोनों कई गुना बढ़ जाएंगी।

■ यूएचएसआर और गुरुग्राम विवि के बीच हुआ एमओयू

## छात्रों को डोर-टू-डोर दिया नशे से दूर रहने का संदेश

रोहतक। नशे के खिलाफ जागरूकता की मुहिम को घर-घर तक पहुंचाते हुए रोहतक पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शहर में डोर-टू-डोर अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के साथ-साथ साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय के अनुसार एसपी रोहतक गौरव राजपुरोहित के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उप निरीक्षक मोहन के नेतृत्व में टीम ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। टीम ने छात्रों से कहा कि नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज के साथ उनके भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को पढ़ाई, खेल और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया गया।

# 'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Happy Teachers Day

# "जॉन वेस्ले कॉन्वेंट – सटीक पाठ्यक्रम, शिक्षा शास्त्र व सह–पाठ्यक्रम का समीकरण"

जब आप मेहनत, लगन और अनुशासन से किसी भी कार्य को करते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और मंजिल की राह आपको आसान लगने लगती है ऐसा मानना है डॉ0 ममता मलिक, जो जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की प्रिंसिपल हैं। शिक्षा के क्षेत्र मे इन्होंने केवल अपनी पहचान ही नहीं बनाई बल्कि छात्रों और अध्यापकों का अपने अनुभवों से पथ प्रदर्शन भी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार करती आ रही हैं। इनका योगदान सफर 26 वर्ष पूर्व दिल्ली के एक स्कूल से हुआ, अपने तजुर्बे व अपनी सोच जैसे लोगों की टीम बनाकर बच्चों तक अच्छी शिक्षा पहुँचाना व उनमें अच्छी सोच पैदा करना ही इनका लक्ष्य रहा। दिल्ली के एक पब्लिक स्कूल से पढ़ाई कर इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी. कॉम. की, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी से एम. कॉम. की, अन्नामलाई यूनिवर्सिटी से बी. एड. की व साबरमति यूनिवर्सिटी से पी.एचडी. की। इनके मुताबिक अच्छे शिक्षक केवल शिक्षित ही नही करते अपितु छात्रों के प्रेरणास्रोत भी होते हैं इसलिए उन्हें अपडेटिड रहना बहुत जरुरी है। अध्यापकों को प्रशिक्षित करने में इनकी खास रुचि रहती है। समय–समय पर विभिन्न संस्थानो द्वारा शिक्षा के श्रेत्र में इनके योगदान के लिए इनको सम्मानित किया गया है। करोना दौर से निकलते समय जो चैलेंज सामने आए तब उनके कार्य करने के नए तरीकों व पद्धतियों के आधार पर स्कूल व स्कूल कार्यशैली श्रेष्ठ मानते हुए इन्हें एजुकेशन क्षेत्र में नए इनोवेशन करने पर डॉक्टर सीवी रमन एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनका मानना है कि सुंदर समाज निर्माण में एक शिक्षित होने के नाते जो दायित्व ये निभा रही हैं उसका श्रेय उनके परिवार के सदस्यों व शुभ चिंतकों को जाता है और वह उसके लिए सहृदय उनका धन्यवाद करती हैं।

**डॉ. ममता मलिक**
प्रिंसिपल
जॉन वेस्ले कॉन्वेंट

## बड़ा लक्ष्य-बड़ी विशेषताएं-बड़ी सोच

### सामाजिक मुद्दों व समस्याओं के समाधान व जागरुकता फैलाने और जरूरी कदम उठाने के लिए प्रेरणाा देने में पूरी भागीदारी

बच्चों को सही दिशा देना हमारी जिम्मेदारी, इस बात को सार्थक करने हेतु कोरोना काल में रेगुलर ऑनलाइन शिक्षा के साथ–साथ विद्यालय प्राचार्या डॉ0 ममता मलिक द्वारा समाज में विद्यमान समस्याओं के समाधान व जागरुकता हेतु बच्चों के लिए विभिन्न जागरुकता अभियान चलाएं जिनमें कोरोना काल में टीकाकरण, मोबाईल का सकारात्मक उपयोग, स्वास्थ्य संबधी समस्याओं का निदान, स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण आदि मौजूद रहें। इन पर लेखन प्रस्तुति, वाचन प्रस्तुति, कला प्रस्तुति, पोस्टर व पीपीटी आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज में बदलाव लाने के लिए उत्प्रेरक बने रहने हेतु प्रेरित किया गया व उनकी कृतियों को स्कूल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांझा कर समाज की बेहतरी हेतु जॉन वेस्ले परिवार को समय–समय पर उचित मार्गदर्शन दें सक्रिय रखा।

हम सबको विदित है कि आने वाले समय में हमारी निर्भरता ATL पर ज्यादा रहेगी। इन चुनौतियां का सामना करने व बच्चों को टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र आगे ले जाने की बेहतरीन तैयारी करा रहें है उसी राह में उन्हें तैयार करते हुए विद्यालय ने भारत सरकार की मार्च माह की ATL (अटल टिंकरिंग लैब) में अपनी उपलब्धियों के लिए विशेष सूची में अपनी जगह बनाई है। खेलों में बच्चे की मानसिक व शारीरिक प्रतिभा को विकसित करने की लगातार कोशिश में विद्यालय CBSE स्केटिंग चैंपियनशिप में लगातार 8 वर्षों से स्केटिंग में राष्ट्रीय चैम्पियन भी रहा है।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेन्ट-उपलब्धियाँ

टोटल अवॉर्ड्स 1378+, 54 इंटरनेशनल अवॉर्ड्स, 198 नेशनल अवॉर्ड्स, 354 स्टेट अवॉर्ड्स, 772 डिस्ट्रिक अवॉर्ड्स। लगातार चार सालों से जॉन वेस्ले कॉन्वेंट नंबर-1 स्कूल विद्यालय ISO 9001-2008 द्वारा प्रमाणित।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के पासआउट बच्चे देश के सर्वोपरि सेवाओं IAS, IPS, HCS, IIT, में चयनित

**डॉ0 ममता मलिक स्कूल की मॉनिटरिंग पर खास समय लगाती है। वह अध्यापकों से लगातार संपर्क में रहकर उनको अपडेट करने का काम करती है। उनका मानना है हर बच्चा ऊर्जा से भरपूर होता है। उसमें कोई न कोई खासियत जरूर होती है। अगर उसे सही दिशा दी जाए तो वह खुद को साबित कर सकता है। हमारे स्कूल मेंबच्चोंकी उस काबलियत को पहचाना व निखारा जाता है।**

बहुत कम समय में जॉन वेस्ले कॉन्वेंट ने रोहतक में कामयाबी का दौर शुरू कर इलाके में अपनी अलग पहचान बनाई है। परिणामस्वरूप इस विद्यालय के बच्चे बिना किसी ट्यूशन व कोचिंग के दसवी व बारहवी की CBSE की परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। जो विद्यार्थी हमारे पास आते है, वे 12वीं कक्षा तक पहुंचते–पहुंचते विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे IIT, JEE, NEET, CPT, NDA, NTSE के लिए तैयार हो जाता है। हमारे यहां Extra Period होने के कारण बच्चे बोर्ड सलेबस के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी अच्छे से तैयारी करते हैं। हर सातवें दिन विद्यार्थियों का सब्जेक्टिव टेस्ट, 15 दिन में एक बार MCQ टेस्ट लिया जाता है एवं साथ ही हर महीने एकेडमिक स्टेटस के जरिए बच्चों के अभिभावकों को उनका फीडबैक दिया जाता है। हमारे यहां बच्चों को Topicwise Study notes व Test Series समय–समय पर उपलब्ध कराये जाते है। जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के पासआउट बच्चे देश की सर्वोच्च सेवाओं जैसे IAS, IPS, HCS और IIT आदि में चयनित हो अपने माता–पिता व स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं साथ ही डॉक्टर, इंजीनियर व CA बन देश को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्यरत हैं।

बदलते युग के साथ रोबोटिक व आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस को भी अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

ATL कार्यस्थान से युवा दिमाग नवाचार कौशल सीख रहे हैं और छोटे बच्चों को STEAM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) की अवधारणाओं को समझ हो रहे हैं सशक्त।

Advt.

**Gohana Road, Rohtak 92543-22533 | DLF Area, Rohtak 73578-01234 | Kath Mandi, Rohtak 94671-76510**